प्रेषक,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
सेक्टर–एम, आशियाना,
लखनऊ।

सेवा में,

1. कुलसचिव, क्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय।(लखनऊ मण्डल, अयोध्या मण्डल एवं देवीपाटन मण्डल)
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त शासकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय(लखनऊ मण्डल/अयोध्या मण्डल/देवीपाटन मण्डल)।

पत्रांक/क्षे0का0ल0/ 4152-57 /2020–21, दिनांक 20/01/2021

विषय:: सडक सुरक्षा माह के दौरान उच्च शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्यक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–187/सत्तर–3–2021–08(14)/2018, दिनांक 20 जनवरी, 2021(छायाप्रति संलग्न) के अनुपालन में दिनांक 18 जनवरी, 2021 से 17 फरवरी, 2021 के मध्य राज्य सरकार द्वारा सडक सुरक्षा माह मनाये जाने हेतु सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों, अध्यापकों एवं अभिभावकों के मध्य जागरुकता पैदा करने के लिये प्रदत्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत्

भवदीय,
20/1/21
प्रो0(आलोक कुमार श्रीवास्तव),
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
लखनऊ।

पृ0सं0/क्षे0का0ल0/ 4152-57 /2020–21, तद्दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी, जनपद–अयोध्या/अमेठी/सुलतानपुर/अम्बेडकरनगर/बाराबंकी /रायबरेली/हरदोई/सीतापुर/खीरी/उन्नाव/लखनऊ/गोण्डा/बहराइच/श्रावस्ती एवं बलरामपुर।
4. जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी, जनपद–अयोध्या/अमेठी/सुलतानपुर/ अम्बेडकरनगर/बाराबंकी/रायबरेली/ हरदोई /सीतापुर /खीरी/उन्नाव/लखनऊ/गोण्डा/बहराइच एवं बलरामपुर

20/1/2021
डॉ0(आलोक कुमार श्रीवास्तव),
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
लखनऊ।

D.R. No. 2584
22/01/21

C.A-942
22/01/2021

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

संख्या– 187 / सत्तर–3–2021–08(14) / 2018

कुल सचिव का कार्यालय
डाक प्राप्ति
संख्या 46
तिथि 21/01/2021
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

प्रेषक,

मोनिका एस. गर्ग
अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

3. कुलसचिव,
समस्त निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ: दिनॉक: 20 जनवरी, 2021

विषय:– सड़क सुरक्षा माह के दौरान उच्च शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यकमों के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

AR-93
22/01/2021

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 18 जनवरी, 2021 से 17 फरवरी, 2021 के मध्य राज्य सरकार द्वारा सडक सुरक्षा माह मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। कृपया सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों, अध्यापकों एवं अभिवावकों के मध्य जागरूकता पैदा करने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें :–

(1) दिनांक 21 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के शुभारम्भ के समय प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में सडक सुरक्षा नियमों पर गोष्ठी आयोजित की जायेगी।

(2) एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, रोवर्स रेन्जर्स के स्वयंसेवक 26 जनवरी, 31 जनवरी एवं 7 फरवरी, 2021 को अपराह्न 2 से 4 बजे चौराहों पर आम जनता को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे।

(3) सडक सुरक्षा माह के दौरान उच्च शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा विषय पर गोष्ठियों, वाद–विवाद, नाटक, स्लोगन राइटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

(4) माह के दौरान में Mascot design की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिसकी गाइडलाइन्स तथा मूल्याकन की प्रकिया परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 द्वारा जारी की जायेगी।

- दिनाक 01 से 08 फरवरी के मध्य संस्थानों में Mascot design की प्रतियोगिताए आयोजित की जाएगी।

A.R. (G.A.)  D/C GA

DR-GA

Reg
21/1/2021

22/01/21
D.R.

P.T.O

- जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 9 से 12 फरवरी के मध्य आयोजित की जाएगी जिसमें हर संस्थान एक Mascot की एंट्री देगा और हर जनपद में 3 उत्कृष्ट प्रविष्टियों का चयन किया जाएगा।
- मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 13 से 15 फरवरी के मध्य आयोजित करके हर मंडल से तीन एंट्रीज राज्य प्रतियोगिता के लिए प्राप्त की जाएगी।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 16–17 फरवरी को आयोजित की जाएगी और 17 फरवरी को समापन के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ मैस्कॉट को पुरस्कृत किया जाएगा।
- जनपद स्तरीय मूल्यांकन समिति में राजकीय डिग्री कॉलेज के वरिष्ठतम प्रधानाचार्य और मंडल स्तरीय मूल्यांकन समिति में सम्बन्धित मण्डल के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी शामिल रहेंगे।

भवदीया,

( मोनिका एस. गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

संख्या– 187 (1)/सत्तर–3–2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(2) निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(3) प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(4) परिवहन आयुक्त, उ0प्र0, लखनऊ।
(5) समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
(6) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

( अब्दुल समद )
विशेष सचिव।

संख्या GA/1602-II दिनांक 28/01/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1- निजी सचिव मा० कुलपति जी के सूचनार्थ

2- समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को अनुपालनार्थ प्रेषित

3- समन्वयक, NSS

4- समन्वयक, NCC

5- कुलानुशासक।

6- अधिष्ठाता छात्र कल्याण।

7- निदेशक सांस्कृतिक।

8. ओ०एस०डी०, आई०एम०एस।

9- प्रो० इंचार्ज अभियांत्रिकी संकाय,

10- इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित की समस्त को ई-मेल के माध्यम से प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

(डॉ विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

Neeraj 23-01-2021

23/01/2021

23.1.2021.